राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
E-mail: nsscceraj@gmail.com

क्रमांकः F.8()Seva Srishti/NSS/CCE/2026-00015-10156295 दिनांकः

समस्त जिला समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
राजस्थान।

विषय :— एनएसएस वार्षिक पत्रिका "सेवासृष्टि" 2026–27 की अंतिम तिथि में अभिवृद्धि बाबत।
सन्दर्भः— विभाग का समसख्यंक राजकाज 23838283 दिनांक 05.08.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर (राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ) राजस्थान द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक पत्रिका सेवासृष्टि को इस वर्ष फिर से एक नवीन एवं प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इस अंक का मुख्य विषय **41 जिले – 41 श्रेष्ठ नवाचार/प्रेरक सफलता गाथाएँ** रखा गया है। इस हेतु आपसे दिनांक 25 अगस्त 2026 तक आलेख मांगे गए थे। उक्त आलेख को निम्न बिन्दुओं के अनुरूप 2000–3000 शब्दों तथा Kruti Dev 14/Times New Roman 12 में तैयार करते हुए भेजे –

1. नवाचार का शीर्षक (संक्षिप्त एवं आकर्षक नाम)
2. पृष्ठभूमि एवं आवश्यकता (समस्या क्या थी और नवाचार की आवश्यकता क्यों महसूस हुई)
3. नवाचार का मूल उद्देश्य
4. नवाचार की क्रियान्वयन प्रक्रिया (कब, कहां, किससे, किन संसाधनों के माध्यम से लागु किया गया)
5. प्रमुख उपलब्धियां एवं परिणाम
6. प्रभाव एवं लाभ (समुदाय पर पड़ा सकारात्मक प्रभाव)
7. नवाचार की अनुकरणीयता (अन्य क्षेत्रों के लिए कैसे उपयोगी हो सकता है)
8. स्थायित्व एवं भविष्य की संभावनाऐं
9. निष्कर्ष (मुख्य संदेश)
10. QR कोड (उच्च गुणवत्ता के 5–10 फोटोग्राफ, समाचार, दस्तावेज़ एवं संबंधित समाचार, सोशल मीडिया लिंक अथवा अन्य डिजिटल सामग्री)

उक्त निर्देशों की पालना करते हुए आलेख दिनांक 15 सितम्बर 2026 तक ई–मेल naikiran2026@gmail.com पर अथवा गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(डॉ.कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. प्राचार्य, समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय, एन.एस.एस. से सम्बद्ध।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

Signature valid
Digitally signed by Krishan Kumar Kumawat
Designation : Assistant Professor
Date: 2026.09.01 08:04:30 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24294432
M e-Sign